**सुविचार**

आज को अच्छे से जीने से हर बीता हुआ कल खुशी का सपना बन जाता है। इसलिए आज के दिन पर ध्यान दो।

# दैनिक पंचकूला ऑब्जर्वर




सच के साथ, समाज के साथ

वर्ष : 1 | अंक : 40 | पंचकूला। मंगलवार, 17 मार्च 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### हरियाणा में अनुबंध कर्मचारियों के पंजीकरण, सत्यापन की समय-सीमा बढ़ी

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 तथा नियम, 2025 के तहत www.securedemployees.haryana.gov.in पोर्टल पर अनुबंध कर्मचारियों के पंजीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए समय-सीमा एक माह के लिए बढ़ा दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में जारी पत्र के अनुसार, जिन अनुबंध कर्मचारियों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे 15 अप्रैल, 2026 तक पोर्टल पर पंजीकरण कर सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड कर सकेंगे। संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी (डीडीओ) 25 अप्रैल, 2026 तक, कर्मचारियों द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए विवरण को सत्यापित करेंगे।

### 20 नशीले इंजेक्शनों के साथ पकड़े गए नशा तस्कर को 10 साल की कैद

**चंडीगढ़।** जिला अदालत ने नशा तस्करी के मामले में 20 नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किए गए आरोपी को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ अदालत ने दोषी करार दिए गए नशा तस्कर अक्षय पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। दायर मामले के तहत सेक्टर-39 थाना पुलिस ने करीब 7 साल पहले सितंबर 2019 में दोषी करार दिए गए अक्षय को 20 नशीले इंजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था।

दर्ज मामले के तहत सेक्टर-39 थाना पुलिस इलाके में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के 18 सितंबर 2019 को गश्त कर रही थी। इस दौरान रात रात करीब सवा नौ बजे पुलिस को सेक्टर-38सी और डी की डिवाइडिंग रोड से युवक को पकड़ा था। उसकी तलाशी ली गई तो उससे 20 नशीले इंजेक्शन बरामद हुए।

### बंगाल में डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को हटाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद भारतीय निर्वाचन आयोग ने बड़ा फेरबदल किया है। आयोग ने पीयूष पांडे को हटाते हुए सिद्ध नाथ गुप्ता को पश्चिम बंगाल का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया है। इसके अलावा, सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है।

# हरियाणा राज्यसभा चुनाव रिजल्ट, भाटिया और बौद्ध जीते

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़।** हरियाणा, बिहार और ओडिशा की 11 राज्यसभा सीटों पर सोमवार को चुनाव हुए। बिहार की सभी पांचों सीटों पर एनडीए के प्रत्याशी विजयी रहे। ओडिशा की 4 सीटों में से 3 एनडीए और 1 बीजेडी ने जीती। हरियाणा विधानसभा में राज्यसभा चुनाव को लेकर 16 घंटे तक चले थका देने वाले सियासी ड्रामे के बाद आखिरकार नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। उठापटक, क्रॉस वोटिंग और एक वोट के रद्द होने के बीच भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजय भाटिया और कांग्रेस प्रत्याशी कर्मवीर बौद्ध ने अपनी-अपनी सीट पर जीत दर्ज कर ली है। आधी रात के बाद 1 बजकर 10 मिनट पर आए इस चुनावी नतीजे ने दोनों प्रमुख दलों को एक-एक सीट तो दे दी, लेकिन कांग्रेस के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान को पूरी तरह बेनकाब कर दिया। मतदान समाप्त होते ही काउंटिंग हॉल में आपत्तियों का दौर शुरू हो गया। विधायकों परमवीर सिंह, भरत बेनीवाल और अनिल विज के वोटों को लेकर सामने आया है। विपक्षी दलों का आरोप है कि इन विधायकों ने मतदान के बाद बैलेट पेपर अधिकृत एजेंट के अलावा अन्य लोगों को दिखाया, जो मतदान की गोपनीयता के नियमों का उल्लंघन माना जाता है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव आयोग में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए इन वोटों को अवैध घोषित करने की मांग की है।

## हरियाणा में मतगणना प्रक्रिया विवादों में





### ओडिशा में 3 सीटों पर भाजपा का कब्जा

ओडिशा में भाजपा के मनमोहन सामल, सुजीत कुमार और एनडीए समर्थित उम्मीदवार दिलीप रे ने जीत हासिल की। चौथी सीट पर बीजू जनता दल (बीजेडी) के संतरूप मिश्रा विजयी हुए। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्यसभा चुनाव में जीत के बाद मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को बधाई दी।

### खड़गे ने चुनाव आयोग से की कार्रवाई की मांग

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसे चुनाव प्रक्रिया में गंभीर हस्तक्षेप की कोशिश करार देते हुए कड़ा रुख अपनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनाव आयोग ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

### 88 विधायकों ने किया मतदान

90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में से कुल 88 विधायकों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के विधायक अर्जुन चौटाला और आदित्य देवीलाल ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।

### दिल्ली भेजी गई रिपोर्ट और वीडियो फुटेज

चंडीगढ़ के चुनाव अधिकारियों ने विवादित मतदान से जुड़ी वीडियो फुटेज और विस्तृत रिपोर्ट दिल्ली स्थित केंद्रीय चुनाव आयोग को भेज दी गई थी, जिसमें अनिल विज की वोट को वैध व कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह की वोट रद्द पाई गई। जबकि अंतिम समाचार लिखे जाने तक भरत बेनीवाल की वोट पर फैसला आना बाकी है। नियमों के अनुसार जब तक चुनाव आयोग से अनुमति नहीं मिलती, तब तक मतपेटियां नहीं खोली जाएंगी और मतगणना शुरू नहीं की जाएगी। राज्य के राजनीतिक गलियारों में इस घटनाक्रम के बाद हलचल तेज हो गई है। यदि विवादित तीन वोट अवैध घोषित होते हैं तो जीत के लिए आवश्यक आंकड़ा बदल सकता है और चुनाव परिणाम पूरी तरह बदलने की संभावना बन सकती है। अब सभी की निगाहें केंद्रीय चुनाव आयोग के फैसले पर टिकी हैं।

### बिहार में 202 विधायकों ने डाली वोट

**पटना, 16 मार्च।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पांचों उम्मीदवारों ने राज्यसभा चुनाव में आज जीत दर्ज की है, जबकि राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। विधानसभा परिसर में आज सम्पन्न हुए मतदान और मतों की गिनती के बाद राजग के सभी पांच उम्मीदवार विजयी घोषित किये गए। इस दौरान राजग के सभी 202 विधायकों ने मतदान में हिस्सा लिया, जबकि महागठबंधन के चार विधायक अनुपस्थित रहे, जिनमे कांग्रेस के तीन और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक विधायक का नाम शामिल है। कुल 239 विधायकों ने इस बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के लिए नहीं पहुंचने वाले कांग्रेस के तीन विधायकों में वाल्मीकि नगर के सुरेंद्र प्रसाद, फारबिसगंज से मनोज विश्वास और मनिहारी के मनोहर सिंह के नाम शामिल हैं। इसके अलावा राजद के विधायक फैसल रहमान ने भी मतदान में भाग नही लिया। बिहार में आज सम्पन्न हुए राज्यसभा चुनाव में कुल छह उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के दो-दो, राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक-एक उम्मीदवार शामिल थे। इस चुनाव में भाजपा ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और शिवेश राम, जदयू ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश और रामनाथ ठाकुर तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को मैदान में उतरा था। विपक्ष के प्रतिनिधि के रूप में महागठबंधन की तरफ से अमरेंद्र धारी सिंह मैदान में उतरे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना प?ा। उल्लेखनीय है कि बिहार से राज्यसभा की पाँच सीटें नौ अप्रैल को खाली हो रही हैं, जिनमें जदयू के रामनाथ ठाकुर और हरिवंश नारायण सिंह, राजद के अमरेंद्र धारी सिंह और प्रेमचंद गुप्ता तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के नाम शामिल हैं।

# भारत विकास परिषद ने भारत हितैषी को सम्मानित किया



पंचकूला ऑब्जर्वर

**पंचकूला।** भारत विकास परिषद पंचकूला ने हिंदू नववर्ष के अवसर पर सेक्टर-16 में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाजसेवी सेक्टर-10 निवासी भारत हितैषी को सम्मानित किया। भारत हितैषी ने बताया कि वह हर समय लोगों की सहायता के लिए खड़े रहे हैं। भारत हितैषी सेक्टर-9 रेहड़ी मार्केट में वर्ष 2022 में आग लगने पर सबसे पहले भारत हितैषी ने पीडित दुकानदारों की मदद के लिए ढाई लाख रुपये का चैक दिया था। वर्ष 2023-24, 2024-25 का गार्बेज शुल्क माफ करवाकर लोगों को बड़ी राहत दिलवाई। वर्ष 2021 से लेकर वर्ष 2023 तक जो?कर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा भेजे एरियर की साढ़े 3 करोड़ रुपये राशि को माफ करवाया गया। सेक्टर-9 और 10 में निर्बाधित बिजली सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए पावर कालोनी के फीडर को बदलवाकर सेक्टर-5 फीडर से जु?वाकर वर्षो पुरानी बिजली की समस्या हल करवाई। हितैषी ने सम्मान करने के लिए परिषद का आभार जताया।

# जुलाई 2025 से नहीं बढ़ा गेस्ट/कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों का महंगाई भत्ता

- **जॉइंट एक्शन कमेटी ऑफ टीचर्स यूटी चंडीगढ़ की कोर कमेटी की हुई बैठक, जल्द बड़े प्रदर्शन की तैयारी**

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत गेस्ट एवं कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों का महंगाई भत्ता जुलाई 2025 से अब तक जारी नहीं किया गया है। पिछले आठ महीनों से महंगाई भत्ते की फाइल शिक्षा विभाग में एक टेबल से दूसरी टेबल तक घूमती रही है, जिससे लगभग 500 शिक्षकों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञात हो कि कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली के अद्यतन स्वरूप के रूप में गेस्ट शिक्षक वर्ष 2008 से तथा डायरेक्ट कॉन्ट्रैक्ट के नाम से शिक्षक वर्ष 1999 से नियमित पदों पर कार्य कर रहे हैं। माननीय न्यायालय एवं प्रशासनिक आदेशों के अनुसार इन्हें नियमित शिक्षकों की भांति बेसिक वेतन के साथ महंगाई भत्ता दिया जाता है। इसके बावजूद प्रत्येक बार महंगाई भत्ता जारी करने में अनावश्यक देरी की जाती है। विभाग की अकाउंट्स शाखा द्वारा बार-बार आपत्तियां लगाकर प्रक्रिया को लंबित रखा जाता है, जिसकी शिकायत गृह मंत्रालय तक की जा चुकी है।

चंडीगढ़ प्रशासन के कार्मिक विभाग द्वारा वर्ष 2016 में आदेश जारी किया गया था कि सभी कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की भांति महंगाई भत्ता दिया जाएगा। साथ ही वित्त विभाग द्वारा भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गेस्ट शिक्षकों के महंगाई भत्ते की फाइल बार-बार भेजने की आवश्यकता नहीं है; नियमित कर्मचारियों के साथ ही उनका भत्ता जारी किया जाए।

वहीं उच्च शिक्षा विभाग में सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को समय पर महंगाई भत्ता दिया जा रहा है तथा सातवां वेतन आयोग भी लागू किया जा चुका है। जबकि दोनों विभागों की सचिव एक ही होने के बावजूद स्कूल शिक्षा विभाग इस मामले में पीछे दिखाई देता है। इसका मुख्य कारण आपसी तालमेल की कमी, अनावश्यक अवरोध तथा कार्य में रुचि का अभाव बताया जा रहा है, जिसका खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर ज्वाइंट एक्शन कमेटी ऑफ टीचर्स की 30 जनवरी 2026 को स्कूल शिक्षा निदेशक के साथ विशेष बैठक हुई थी, जिसमें निदेशक महोदय ने आश्वासन दिया था कि सर्व शिक्षा अभियान के शिक्षकों का महंगाई भत्ता जारी हो चुका है।

## बाइक सवारों ने महिला से छीनी सोने की चेन, केस दर्ज

**जीरकपुर।** जीरकपुर के एयरोसिटी इलाके में बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने एक महिला से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। आरोपित वारदात के बाद एयरपोर्ट रोड मोहाली की तरफ भाग निकले।


पीड़ित के अनुसार छीनी गई सोने की चेन का वजन करीब 18 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जा रही है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर थाना जीरकपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ओडिशा-कटक के सरकारी हॉस्पिटल में आग, 10 मरीजों की मौत

**कटक।** ओडिशा में कटक के श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार रात करीब 3 बजे आग लग गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हो गई है। इनमें से 7 ने मौके पर ही दम तो? दिया, 3 की मौत इलाज के दौरान हुई।

आग पहली मंजिल पर ट्रॉमा केयर के ICU में लगी थी। यहां करीब 23 मरीज भर्ती थे। उन्हें बचाने में अस्पताल के कम से कम 11 कर्मचारी झुलस गए। अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

ओडिशा सीएम मोहन चरण मांझी सुबह घायलों को देखने के लिए हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 25-25 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही हादसे की हाई लेवल जांच का आदेश दिया है।



श्रीराम चंद्र भांजा मेडिकल कॉलेज कटक का सबसे बड़ा अस्पताल है। यहां पूरे राज्य से लोग इलाज करवाने के लिए आते हैं।

### पीएम मोदी ने की पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा

पीएम नरेंद्र मोदी ने ओडिशा में कटक स्थित एससीबी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया है।पीएम ने हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने घोषणा की कि पीएमएनआरएफ की ओर से प्रत्येक परिवार को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी, जबकि घायलों को 50,000 रुपए आर्थिक सहायता के तौर पर प्रदान किए जाएंगे।

## दावा- भारत ने होर्मुज के पास दो युद्धपोत तैनात किए तेल-गैस से भरे भारतीय जहाजों को सुरक्षा देंगे

पंचकूला ऑब्जर्वर

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच भारत ने होर्मुज स्ट्रेट के पास अपने दो युद्धपोत तैनात किए हैं। ह्ढ्ढ ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भारतीय नौसेना के ये टास्क फोर्स जहाज तेल और गैस लेकर भारत आने वाले व्यापारी जहाजों और टैंकरों को सुरक्षा देंगे। साथ ही जरूरत पड़ने पर उन्हें हर तरह की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

इस बीच युद्ध के माहौल में भारत का पहला स्न्र जहाज 'शिवालिक' आज गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया। जहाज करीब 46 हजार मीट्रिक टन LPG लेकर आया है, जो लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर है।

**इधर,** ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (ढ्ढक्रत्रष्ट) ने कहा कि इजराइल के सैन्य और डिफेंस फैसिलिटी को निशाना बनाया गया है। यह सॉलिड फ्यूल वाली स्ट्रैटेजिक मिसाइल है, जो 2000-2500 किलोमीटर तक हमला कर सकती है। वहीं इजराइली वायुसेना ने दावा किया है कि उसने ईरान की राजधानी तेहरान के मेहराबाद एयरपोर्ट पर एयरस्ट्राइक कर एक विमान को तबाह कर दिया।

# दिल्ली में ट्रांसजेंडर के लिए बड़ी खुशखबरी बसों में मिलेगी मुफ्त यात्रा की सुविधा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 16 मार्च।** समावेशी और संवेदनशील शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और परिवहन विभाग द्वारा संचालित सभी बस मार्गों में ट्रांसजेंडर यात्रियों को मुफ्त यात्रा योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इस महत्वपूर्ण निर्णय के तहत दिल्ली में निवास करने वाले पात्र ट्रांसजेंडर व्यक्ति अब डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकेंगे, ठीक उसी प्रकार जैसे वर्तमान में दिल्ली की बसों में महिला यात्रियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।



यह पहल रेखा गुप्ता सरकार की सामाजिक समावेशन, गरिमा और सभी वर्गों के लिए सार्वजनिक सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस निर्णय का उद्देश्य ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों को बिना किसी आर्थिक बाधा के शहर में सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराना है।

अधिकारियों के अनुसार, यह सुविधा दिल्ली की बसों में महिलाओं के लिए लागू मुफ्त यात्रा योजना के समान ही व्यवस्था और तंत्र के तहत लागू की जाएगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार एक अधिक समावेशी, न्यायसंगत और संवेदनशील दिल्ली के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर नागरिक को सम्मान के साथ अवसरों और सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच मिल सके।

यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी में सामाजिक न्याय को सुदृढ़ करने और समावेशी शहरी परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में दिल्ली सरकार का एक और महत्वपूर्ण कदम है।

**आरोप-प्रत्यारोप** | राज्यसभा में उठा पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में उत्पन्न हुए एलपीजी संकट का मुद्दा

# खड़गे बोले- एलपीजी की कमी से घरों व व्यावसाय पर पड़ रहा है असर

पंचकूला ऑब्जर्वर

**नई दिल्ली, 16 मार्च।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण देश में उत्पन्न हुए एलपीजी संकट का मुद्दा उठाया है। सोमवार को राज्यसभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और संघर्ष ने पूरे देश में एलपीजी की आपूर्ति को प्रभावित किया है।

खड़गे के मुताबिक आज स्थिति यह है कि कई जगहों पर एलपीजी की कमी के कारण हाहाकार जैसी स्थिति बन गई है। इसका असर गरीब और कमजोर तबकों, मध्यम वर्गीय परिवारों, आम घरों, रेस्तरां, हॉस्टलों और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।



इसमें भी लगभग 90 प्रतिशत आयात स्ट्रेट ऑफ हॉर्मूज के रास्ते होता है। इस लिहाज से मौजूदा हालात घरेलू उपलब्धता और कीमतों की स्थिरता, दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। देश के लगभग हर हिस्से में इसका असर देखा जा रहा है। घरों में लोग परेशान हैं। छोटे-छोटे ढाबे, रेस्तरां, हॉस्टल और सामुदायिक रसोई तक प्रभावित हो रहे हैं। कई जगहों पर सामुदायिक किचन से लेकर सामान्य रसोई तक बंद होने की स्थिति बन गई है। इसके साथ ही एमएसएमई और अन्य व्यावसायिक उपभोक्ताओं को भी एलपीजी मिलने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है कि कई प्रतिष्ठानों को अपने संचालन सीमित करने पड़े हैं, जबकि कुछ लोग 5,000 रुपये से अधिक प्रति सिलेंडर की ऊंची कीमत पर एलपीजी खरीदने को मजबूर हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह दावा किया था कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है और लोगों को अफवाहों से सावधान रहना चाहिए। जब सरकार भारतीय नागरिकों को ईरान में स्थिति बिगड़ने की आशंका को लेकर सलाह जारी कर रही थी, उसी समय यह स्पष्ट हो गया था कि पश्चिम एशिया में तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर भी पड़ सकता है।

### इधर नड्डा बोले- जब देश में संकट होता है तो ऐसे समय में भी कांग्रेस राजनीति करती है

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि जब देश में संकट होता है ऐसे समय में कांग्रेस राजनीति करती है। इसके साथ ही उन्होंने एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर कहा कि कांग्रेस के एक नेता एलपीजी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी करते हुए पाए गए हैं। जेपी नड्डा ने सोमवार को यह जानकारी राज्य सभा में रखी। साथ ही, उन्होंने सदन को यह भी बताया कि एलपीजी की यह मौजूदा स्थिति भारत के कारण उपजी नहीं है न ही भारत का इस स्थिति में कोई योगदान है। नड्डा सदन में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए वक्तव्य का जवाब दे रहे थे। दरअसल इससे पहले राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में एलपीजी की कमी का विषय उठाया था। इसके जवाब में राज्यसभा में नेता जेपी नड्डा ने कहा, मुझे दुख है कि हमारे यहां विपक्ष, विशेषकर इंडियन नेशनल कांग्रेस, विपत्ति के समय में भी देश में राजनीति करने से पीछे नहीं हटती।



# चार साल में 'काम की राजनीति' से सभी गारंटियां पूरी कीं: सीएम मान

## कहा- लोगों ने कांग्रेस, अकाली और भाजपा को ठुकराकर हम पर भरोसा जताया था, हमने लोगों का विश्वास टूटने नहीं दिया

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार ने 'काम की राजनीति' के जरिए जनता से किए गए सभी वादे पूरे किए हैं।

उन्होंने कहा कि लोगों ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा को ठुकराकर 'आप' पर भरोसा जताया था और सरकार ने उस विश्वास को टूटने नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में आते ही पंजाब सरकार ने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा शुरू की। किसानों को दिन में आठ घंटे निर्बाध बिजली मिल रही है और 78 प्रतिशत खेतों तक नहरी पानी पहुंचाया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों में युवाओं को बिना सिफारिश और रिश्वत के मेरिट के आधार पर 65,000 से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं, जबकि औद्योगिक निवेश के कारण लगभग 5.5 लाख नए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 881 आम आदमी क्लीनिक खोले गए हैं, जहां अब तक पांच करोड़ से अधिक मरीजों का मुफ्त इलाज हो चुका है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत हर परिवार को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में भी बड़ा बदलाव आया है। सरकारी स्कूलों में एक लाख से अधिक डेस्क उपलब्ध कराए गए हैं, 9,000 से ज्यादा स्मार्ट क्लासरूम और 5,000 कंप्यूटर लैब स्थापित की गई हैं। सरकारी स्कूलों के शिक्षक और प्रिंसिपल विदेशों और प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### सत्ता में आते ही हमने बिजली मुफ्त की, किसानों को दिन में बिजली मिलनी शुरू हुई और 78 प्रतिशत खेतों तक नहरी पानी पहुंचा



### पंजाब देश में सबसे अधिक दे रहा गन्ने का मूल्य

कृषि क्षेत्र में सुधारों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को देश में सबसे अधिक 416 रुपये प्रति क्विंटल गन्ने का मूल्य मिल रहा है। फसल नुकसान पर 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया गया है और पराली प्रबंधन के लिए किसानों को 1.58 लाख मशीनें सब्सिडी पर दी गई हैं।

### महिलाओं को हर महीने दी जा रही सहायता राशि

महिला सशक्तिकरण की दिशा में 'मुख्यमंत्री मावां-धियां सत्कार योजना' शुरू की गई है, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इसके अलावा सरकारी बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा भी दी गई है।

### 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत पंजाब के हर परिवार को बड़े प्राइवेट अस्पतालों में 10 लाख रुपए तक का मुफ्त और कैशलेस इलाज मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना है। सीएम ने कहा कि जब पिछली सरकारों ने 75 सालों में पंजाब में सिर्फ 400 क्लीनिक बनाए थे, वहीं पंजाब सरकार ने पिछले चार सालों में 881 आम आदमी क्लीनिक खोले हैं। उन्होंने कहा कि इन क्लीनिकों की ओ.पी.डी. में इलाज के लिए आने वालों की संख्या पांच करोड़ से अधिक हो गई है। मान ने कहा कि पंजाब के इतिहास में सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की सबसे बड़ी भर्ती हुई है और पिछले चार सालों में 1,575 डॉक्टरों की भर्ती की गई है।

### खेलों के बुनियादी ढांचे और युवाओं के विकास के लिए ऐतिहासिक प्रयास

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब गांवों के खेल मैदानों में ऐतिहासिक निवेश कर रहा है और 1,100 करोड़ रुपए के निवेश से 3,000 आधुनिक खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 6,000 और खेल मैदानों पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा और सभी गांवों के खेल मैदानों में क्रिकेट, वॉलीबॉल और फुटबॉल के मैदानों सहित मुफ्त खेल किट प्रदान की जाएंगी, ताकि हर युवा को खेलने का मौका मिल सके। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि युवाओं में स्वास्थ्य और खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए गांवों में 6,000 इंडोर जिम बनाए जा रहे हैं। ओलंपिक पदक विजेता पंजाबी हॉकी खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपए और सरकारी नौकरियां मिली हैं, जबकि महिला क्रिकेट विश्व कप-2025 की विजेताओं को 4.91 करोड़ रुपए से सम्मानित किया गया है।

### ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे की मजबूती

ग्रामीण विकास की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ᳲपिछले चार सालों में 76,000 परिवारों को अपने घर बनाने के लिए सहायता मिली है, जिसमें बाढ़ प्रभावित 30,000 परिवार भी शामिल हैं।ᳲ उन्होंने आगे कहा, ᳲपिछली सरकार ने पांच सालों में 39,000 घर बनाए, जबकि वर्तमान सरकार ने सिर्फ चार सालों में 76,000 परिवारों को सहायता दी है।

### शिक्षा क्रांति ने पंजाब के सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल दी

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि भारत सरकार के सर्वेक्षण के अनुसार पंजाब के सरकारी स्कूल अब पढ़ाई में देश में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब कोई भी बच्चा फर्श पर नहीं बैठता क्योंकि एक लाख से अधिक डेस्क दिए गए हैं ताकि हर विद्यार्थी सम्मान से पढ़ सके। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में डिजिटल क्रांति के तहत 9,000 से अधिक स्मार्ट क्लासरूम और 5,000 कंप्यूटर लैब खोले गए हैं, जिससे पूरे पंजाब के विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा मिल रही है। सीएम ने कहा कि पंजाब के इतिहास में पहली बार ठेके पर रखे शिक्षकों को नियमित नौकरियां दी गई हैं और सरकारी स्कूलों को मजबूत करने के लिए 15,000 से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक फिनलैंड, सिंगापुर और आई.आई.एम. अहमदाबाद में विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिससे पंजाब में बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा मिल रही है।

## चार साल में आप ने पंजाब को दिवालियापन की ओर धकेल दिया : वड़िंग

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंगग ने सोमवार को राज्य की आम आदमी पार्टी(आप) सरकार के उन झूठ का मज़ाक उड़ाया, जिसमें दावा किया गया है कि उसने पांच के बजाय चार साल में ही अपने सभी वादे पूरे कर दिए हैं।

वड़िंग ने कहा कि वास्तव में ये चार साल लूट, विश्वासघात और बर्बाद अवसरों के रहे हैं, जिसमें अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने के लिए पंजाब के संसाधनों का शोषण, लूट और दुरुपयोग किया गया।

उन्होंने कहा, आप सरकार को देश के सभी राज्यों के बीच राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक में पंजाब को सबसे नीचे धकेलने का श्रेय भी लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आप ने सबको झूठ बोलने और गुमराह करने की कला में महारत हासिल कर ली है, लेकिन वे अब पंजाब के लोगों को और बेवकूफ नहीं बना सकते।

उन्होंने कहा , आप ने पंजाब को उस दिवालियापन की ओर धकेल दिया है जहाँ पिछली कोई सरकार नहीं ले गई थी।

## मान सरकार की 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के लिए पंजाब बजट 2026-27 में 2000 करोड़ रुपये का प्रावधान इसे और मजबूत करेगा

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** भगवंत मान सरकार ने पंजाब बजट 2026-27 में 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' के लिए 2,000 करोड़ रुपये आवंटित करके सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह आवंटन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा पहल को और सुदृढ़ करता है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी वर्ग से संबंधित परिवार आर्थिक तंगी के कारण गुणवत्तापूर्ण इलाज से वंचित न रहे।

चिकित्सीय आपात स्थिति के समय अधिकांश परिवारों के सामने अक्सर दो बड़े प्रश्न होते हैं–इलाज कितनी जल्दी शुरू हो सकेगा और खर्च का प्रबंध कैसे होगा। पिछले कुछ महीनों में पंजाब भर के परिवारों को मुख्यमंत्री सेहत योजना, जो कि एक स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रम है और जिसकी पहुंच पूरे राज्य में लगातार बढ़ाई जा रही है, के माध्यम से इन प्रश्नों के उत्तर मिलने शुरू हो गए हैं।

इस योजना के लिए पंजाब सरकार ने 2026-27 के बजट में 2,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, ताकि इसका और विस्तार किया जा सके और पंजाब के परिवारों को सरकारी तथा सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जा सके। यह कार्यक्रम अब पंजाब भर में लगभग 65 लाख परिवारों को कवर कर रहा है, जिससे लगभग 3 करोड़ निवासियों को लाभ मिल रहा है और गंभीर बीमारी के कारण आने वाले आर्थिक बोझ से सुरक्षा मिल रही है। इस कार्यक्रम की बढ़ती पहुंच राज्य में नामांकन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी साझेदारियों के तेज विस्तार से स्पष्ट दिखाई देती है।

इस योजना के अंतर्गत 9 लाख से अधिक स्वास्थ्य कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके हैं, जिससे लाभार्थियों को 820 से अधिक सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिल रही है। वर्तमान में यह योजना 2,300 से अधिक उपचार पैकेज प्रदान करती है, जो विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय प्रक्रियाओं को कवर करते हैं।

इस योजना के लिए बजट में बढ़ाए गए प्रावधान के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बीमारी के कठिन समय में परिवारों को इलाज के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है–जरूरत पड़ने पर पंजाब के हर परिवार को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना के माध्यम से चिकित्सा खर्चों के आर्थिक बोझ से जूझ रहे राज्य के हजारों परिवार अब इलाज तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत लाभार्थी हृदय रोग, कैंसर, गुर्दे की बीमारियां, ऑर्थोपेडिक प्रक्रियाएं और दुर्घटना में लगी चोटों सहित कई गंभीर चिकित्सीय स्थितियों का इलाज बिना किसी खर्च के करवा सकते हैं।

# पंजाब विधानसभा में दो अहम बिल पारित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** पंजाब विधानसभा ने आज दो महत्वपूर्ण बिल पारित किए। इनमें पहला बिल पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट्स एंड ष, 2026 है, जिसे पंजाब के जल संसाधन एवं खनन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल द्वारा पेश किया गया और सदन ने इसे बहुमत से पारित कर दिया।

दूसरा बिल श्री गुरु तेग बहादुर वर्ल्ड क्लास यूनिवर्सिटी, पंजाब बिल, 2026 है, जिसे पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा पेश किया गया था। इस बिल को सदन ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। सदन ने सर्वसम्मति से एक अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किया, जिसमें केंद्र सरकार से प्रमुख दलित नेता और समाज सुधारक कांशी राम को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की सिफारिश की गई।

सदन ने विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के विरुद्ध की गई अपमानजनक और जातिवादी टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया। यह प्रस्ताव विधायक मनजीत सिंह बिलासपुर द्वारा पेश किया गया था।

इससे पहले सदन में 11 रिपोर्टें भी प्रस्तुत की गईं, जिनमें भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा वर्ष 2023-24 के लि ए राज्य के वित्त से संबंधित रिपोर्ट, मार्च 2023 तक के वित्तीय वर्ष के लिए राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों पर रिपोर्ट, मार्च 2023 तक के वित्तीय वर्ष के लिए राज्य के राजस्व से संबंधित रिपोर्ट और इसी अवधि के लिए कैग की एक अन्य रिपोर्ट शामिल हैं। इसके अलावा पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के परफॉर्मेंस ऑडिट तथा पंजाब में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन पर कैग की रिपोर्ट, मार्च 2024 तक के वित्तीय वर्ष के लिए राज्य के राजस्व संबंधी रिपोर्ट, मार्च 2024 तक के वित्तीय वर्ष के लिए एक अन्य रिपोर्ट और मार्च 2023 तक के वित्तीय वर्ष के लिए स्थानीय निकायों से संबंधित रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।

## पंजाब विधानसभा ने कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणियों के लिए सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित

**चंडीगढ़।** पंजाब विधान सभा ने आज कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के बारे में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा की गई अपमानजनक और जातिवादी टिप्पणियों के लिए सर्वसम्मति से निंदा प्रस्ताव पारित किया।

यह मुद्दा 6 फरवरी 2026 को जांडियाला गुरु, अमृतसर में आयोजित एक सार्वजनिक सभा के दौरान प्रताप सिंह बाजवा द्वारा दिए गए बयान से संबंधित है। अपने संबोधन के दौरान बाजवा ने कथित तौर पर मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ, जो दलित समुदाय से संबंध रखते हैं, के प्रति अपमानजनक और जाति-आधारित टिप्पणियां कीं। सदन के सदस्यों ने कहा कि ऐसी टिप्पणियां न केवल मंत्री का, बल्कि उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि और



मेहनतकश दलित समुदाय का भी गंभीर अपमान करती हैं। यह प्रस्ताव विधायक मनजीत सिंह बिलासपुर द्वारा सदन में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि ये टिप्पणियां ईमानदारी से मेहनत करके अपनी आजीविका कमाने वाले बैंड-ऑर्केस्ट्रा कलाकारों और दिहाड़ी मजदूरों के सम्मान को ठेस पहुंचाती हैं। विधायक ने आगे कहा कि जिम्मेदार सार्वजनिक पदों पर बैठे व्यक्तियों को संयम बरतना चाहिए और सम्मान, समानता तथा सामाजिक सद्भावना के मूल्यों को बनाए रखना चाहिए। निंदा प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए विधायक मनजीत सिंह बिलासपुर ने कहा कि सदन प्रताप सिंह बाजवा द्वारा की गई 'शर्मनाक' टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने टिप्पणी की कि ऐसा व्यवहार एक सामंती और दलित-विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, जो पंजाब के सामाजिक ताने-बाने और सामुदायिक सद्भाव के लिए हानिकारक है। इस प्रस्ताव में प्रताप सिंह बाजवा से दलित समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने की मांग की गई है। माननीय स्पीकर से इस मामले का संज्ञान लेने और उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने की अपील की गई।

# बाबू कांशी राम जी के लिए भारत रत्न की मांग वाला प्रस्ताव विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** देश द्वारा उनकी 92वीं जयंती मनाए जाने के ठीक एक दिन बाद, प्रख्यात समाज सुधारक और राजनीतिक नेता बाबू कांशी राम जी को भारत रत्न देने की मांग करता एक ऐतिहासिक प्रस्ताव आज पंजाब विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा द्वारा पेश किए गए इस प्रस्ताव में केंद्र सरकार से अपील की गई है कि वह बाबू कांशी राम जी को मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान करे। इस प्रस्ताव को पूरे सदन में सर्वसम्मति से



समर्थन मिला और पंजाब सरकार इस मजबूत सिफारिश को केंद्र सरकार को भेजेगी।

प्रस्ताव पेश करते हुए महान नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा, बाबू

■ **कहा-बाबू कांशी राम जी ने बाबा साहेब डॉ. बी.आर. आंबेडकर की विचारधारा को आगे बढ़ाया और सामाजिक-आर्थिक समानता का संदेश घर-घर तक पहुंचाया**

कांशी राम जी ने बाबा साहेब डॉ. बी.आर. आंबेडकर की विचारधारा के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सामाजिक-आर्थिक समानता का संदेश हर घर तक पहुंचाया। बाबू कांशीराम जी असाधारण ईमानदारी के प्रतीक थे।

उन्होंने अपने नाम पर किसी भी प्रकार की संपत्ति, जमीन या बैंक खाता नहीं रखा और इसी तरह इस दुनिया को अलविदा कहा। उन्होंने आगे कहा, बाबू कांशी राम जी ने जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष करने के लिए पुणे में एक गजेटेड अधिकारी के रूप में अपना करियर छोड़ दिया। पहले ऑल इंडिया बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी कम्युनिटीज एम्प्लॉइज फेडरेशन (बामसेफ़) की स्थापना करके और बाद में सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर उन्होंने गरीब और मध्यम वर्गीय पृष्ठभूमि से आने वाले हजारों युवाओं को राष्ट्रीय राजनीति के मैदान में उतरने के लिए सशक्त किया। नेता के जीवन और राजनीतिक सफर पर प्रकाश डालते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा, बाबू कांशी राम जी का जन्म 15 मार्च 1934 को रोपड़ के ख्वासपुरा गांव में हुआ था और उन्होंने सरकारी कॉलेज रोपड़ से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। बाद में उन्होंने 1991 में उत्तर प्रदेश के इटावा से और 1996 में पंजाब के होशियारपुर से सांसद के रूप में सेवा दी तथा इसके बाद राज्यसभा में भी अपनी सेवाएं दीं। वित्त मंत्री ने कहा, हाल ही में अपने कैबिनेट सहयोगी हरजोत सिंह बैंस के साथ मैंने बाबू कांशीराम जी से जुड़े रोपड़ जिले के गांव ख्वासपुरा और आनंदपुर साहिब के पृथीपुर बुंगा का दौरा किया।

# स्पीकर ने विधायकों की लगाई तस्वीरों का उद्घाटन किया

■ **संघवां ने इस वर्ष सिविल सेवाएं परीक्षा पास करने वाले पंजाब के विद्यार्थियों से की मुलाकात और दी बधाई**



**चंडीगढ़, 16 मार्च।** पंजाब विधानसभा में पंजाब विधानसभा के 117 सदस्यों की तस्वीरें लगाई गई हैं, जिनमें पंजाब विधानसभा के स्पीकर, पंजाब के मुख्यमंत्री, पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और विपक्ष के नेता शामिल हैं। इनका उद्घाटन आज पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने किया। उद्घाटन के दौरान कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा , कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा भी मौजूद थे। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने आज अपने चैंबर में इस वर्ष सिविल सेवाएं परीक्षा पास करने वाले पंजाब के विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी लगन और ईमानदारी के साथ देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा की कार्यवाही भी देखी। स्पीकर ने सिविल सेवाएं परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को सरकार और सरकारी कर्मचारियों के बीच सही अंतर के बारे में भी बताया। स्पीकर संधवां ने विद्यार्थियों को लोई और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां, हरदीप सिंह मुंडियां और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

# पंजाब सरकार ने अपने सभी वायदे पूरे किएः स्पीकर कुलतार सिंह संधवां

■ **कहा-पंजाब सरकार की ऐतिहासिक पहल: सभी पंजाबियों के लिए 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा**

पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़, 16 मार्च।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर स.कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि 16 मार्च 2026 को आम आदमी पार्टी सरकार ने अपने चार वर्ष पूरे कर लिए हैं और यह तारीख पंजाब की राजनीति के इतिहास में बेहद महत्वपूर्ण रहेगी। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में पंजाब के लोगों ने पूर्ण विश्वास के साथ हमारी पार्टी को सत्ता सौंपी और भगवंत सिंह मान पंजाब के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप नई बनी आप सरकार पारंपरिक राजनीति से



अलग है। यह सरकार पारदर्शी, ईमानदार और जनहितकारी प्रशासन में विश्वास रखती है और अन्य दलों से पूरी तरह भिन्न है। चार वर्षों की इस अवधि में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, कृषि और रोजगार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अनेक महत्वपूर्ण पहलें की हैं।

उन्होंने कहा कि पंजाब के युवाओं को नशे से बचाने के लिए राज्य सरकार ने नशों के विरुद्ध व्यापक अभियान शुरू किया। वर्ष 2024 में राज्य के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए 'भगवंत मान सरकार आपके द्वार' योजना शुरू की गई, जिसका उद्देश्य नागरिकों को उनके घर के पास सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब लोग 1076 हेल्पलाइन के माध्यम से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन, बिल भुगतान सहित 406 सेवाओं तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने लोगों को उनके घरों के निकट मुफ्त दवाइयां, परीक्षण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 'आम आदमी क्लीनिक' स्थापित किए हैं। वर्तमान में पूरे पंजाब में 842 से अधिक क्लीनिक कार्यरत हैं। इसके अलावा 23 मार्च 2022 को भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक्शन लाइन शुरू की गई, जिसके तहत नागरिक व्हाट्सएप नंबर 9501200200 पर भ्रष्टाचार से संबंधित ऑडियो या वीडियो साक्ष्य भेजकर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं, जिसकी जांच विजिलेंस ब्यूरो द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि 21 जनवरी 2023 को शुरू किए गए 'स्कूल ऑफ एमिनेंस' प्रोजेक्ट का उद्देश्य सरकारी स्कूलों की शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। इस परियोजना के अंतर्गत छात्रों को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी मुफ्त करवाई जा रही है। पंजाब के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए विदेश भी भेजा गया है ताकि वे विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे सकें। राज्य के 23 जिलों में कुल 118 स्कूल ऑफ एमिनेंस कार्यरत हैं।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार ने नई औद्योगिक नीति 2026 पेश की है, जो पंजाब को उद्योगपतियों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाएगी। उद्योगों की स्थापना के लिए अनुमतियां शीघ्र प्रदान करने हेतु फास्ट ट्रैक पंजाब पोर्टल शुरू किया गया है। जनवरी 2024 में रोड सेफ्टी फोर्स को भी कार्यशील बनाया गया, जो देश की पहली राज्य स्तरीय फोर्स है, जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और घायल व्यक्तियों को तत्काल सहायता प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने 27 नवंबर 2025 को आसान पंजीकरण प्रणाली शुरू कर नागरिकों को बड़ी सुविधा प्रदान की है। कृषि क्षेत्र के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि कृषि पंजाब की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं को बेहतर बनाने और कृषि सेवाओं को मजबूत करने के प्रयास किए गए हैं। फसल विविधीकरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो सके। राज्य सरकार ने किसानों को गेहूं-धान के पारंपरिक चक्र से बाहर निकालने के लिए मूंग की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करने का निर्णय लिया, जिससे किसानों को अतिरिक्त आय का अवसर मिला है। साथ ही गन्ना उत्पादकों के पुराने बकाया का भुगतान किया गया और गन्ने के सरकारी मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि की गई।

उन्होंने कहा कि भूजल स्तर को बचाने के लिए धान की सीधी बुवाई (डीएसआर) अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 1500 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। नहर नेटवर्क को भी मजबूत किया गया है ताकि उन क्षेत्रों तक पानी पहुंचाया जा सके जहां पिछले 30ङ्क40 वर्षों से पानी नहीं पहुंच पाया था। पराली प्रबंधन के लिए किसानों को सब्सिडी पर मशीनरी भी उपलब्ध करवाई जा रही है। प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल नुकसान के लिए मुआवजा राशि में 25 प्रतिशत वृद्धि की गई है और गिर्दावरी के तुरंत बाद किसानों के खातों में राशि भेजी जाती है। कृषि क्षेत्र के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा भी जारी रखी गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि पिछले चार वर्षों में विभिन्न सरकारी विभागों में बड़े पैमाने पर भर्तियां की गई हैं और हजारों युवाओं को पारदर्शी तरीके से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए हैं। साथ ही कौशल विकास केंद्रों को उन्नत किया गया है ताकि युवा आधुनिक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सस्ते ऋण और सब्सिडी योजनाएं भी तैयार की गई हैं।

### स्वास्थ्य बीमा योजना भी एक ऐतिहासिक पहल

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई स्वास्थ्य बीमा योजना भी एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके तहत नागरिकों को 10 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है। यह योजना कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर सर्जरी जैसे उपचारों के लिए मजबूत वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती है और इसमें सरकारी तथा कई निजी अस्पताल भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने नई पहलें शुरू की हैं। सामान्य महिलाओं को 1000 रुपये तथा अनुसूचित जाति की महिलाओं को 1500 रुपये की आर्थिक सहायता देने की योजना बनाई गई है, जिससे उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास मिलेगा। अंत में उन्होंने कहा कि सरकार राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्ध है और इस दिशा में विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने पंजाब के लोगों से राज्य की विरासत और मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आने की अपील भी की।

## एक नजर

### 99 विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में लिया भाग

**लाडवा.** संत निश्चल इ्क्षसह प्ले स्कूल लाडवा के विद्यार्थियों ने सिल्वर जोन ओलंपियाड में शानदार सफलता प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की नर्सरी,एल.के.जी.और यू.के.जी. कक्षाओं के 150 विद्यार्थियों में से 99 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित ओलंपियाड में भाग लिया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण अध्ययन, अंग्रेजी, गणित और हिंदी विषयों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल,1 सिल्वर मेडल तथा 1 कांस्य मेडल प्राप्त किया। स्कूल की हेडमिस्ट्रेस निधि त्रिपाठी ने सोमवार को सभी विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा की भावना और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं आगे भी निरंतर आयोजित की जाती रहेंगी, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि बाहरी दुनिया के विषय में भी व्यापक जानकारी प्राप्त होती है। स्कूल का उद्देश्य है कि प्रत्येक बच्चा शिक्षा के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त करे और भविष्य के लिए आत्मविश्वासी एवं सक्षम बने। अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ भी मौजूद था।

### वृद्धाश्रम में श्रीराम कथा चौथे दिन भी जारी

**लाडवा.** लाडवा के बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में आयोजित श्रीराम कथा के चौथे दिन की कथा का शुभारंभ लाडवा के प्रसिद्ध समाजसेवी सचिन गर्ग व विशिष्ट अतिथि साहिल गर्ग ने बाबा बंसी वाले की आरती करके किया। कथा आरंभ होने से पहले मुख्यातिथि सचिन गर्ग व विशिष्ट अतिथि साहिल गर्ग ने कथा व्यास पंडित अनिल पाराशर से आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर सचिन गर्ग ने कहा कि इस जगत में भगवान श्रीराम जैसा दूसरा चरित्र नहीं है। प्रभु श्रीराम की कथा के श्रवण मात्र से ही जीव के तमाम सांसारिक पाप नष्ट हो जाते हैं। इसलिए उन्हें पुरुषोत्तम राम कहा गया है। संसार के प्रत्येक प्राणी को भगवान श्रीराम का अनुसरण करना चाहिए। कथा में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथावाचक पंडित अनिल पराशर ने कहा कि भगवान श्रीराम विष्णु के सातवें अवतार हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या के राजा दशरथ की रानी कौशल्या के गर्भ से चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र में भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। कथा के बाद प्रशाद वितरित किया गया। इस अवसर पर विकास सिंघल, अनुज गोयल, संजय सिंगला, राजकुमार सैनी, सुरेश कंसल, कुंवर सिंघल सहित बड़ी संख्या में कथा सुनने आए श्रद्धालु मौजूद थे।

### सड़क खस्ताहाल, ग्रामीण परेशान

**कुरुक्षेत्र.** कुरुक्षेत्र के निकटवर्ती गांव जोगनाखेड़ा से नरकातारी जाने वाली सड़क खस्ताहाल में है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। जोगनाखेड़ा से नरकातारी जाने वाली इस सड़क पर गड्ढे इतने गहरे हैं कि वाहन चालकों को हादसे का डर बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार प्रशासन और अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन हर बार केवल पैचवर्क कर औपचारिकता पूरी कर दी गई । ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें अपने दैनिक कामों में भी परेशानी हो रही है। छात्र स्कूल-कॉलेज जाने में परेशान हो रहे हैं और गंभीर मरीजों को एंबुलेंस से ले जाने में भी दिक्कत हो रही है। नंबरदार सतपाल मंढान का कहना है कि जोगनाखेड़ा से नरकातारी जाने वाली सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं। मढान ने कहा कि सड़क को देखकर ऐसा लगता है कि सड़क पर गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सड़क है जो की बहुत ही दयनीय स्थिति में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि इस सड़क को जल्द से जल्द ठीक किया जाए ताकि कोई भी हादसा होने से बचा जा सके। इस अवसर पर धर्म सिंह,विक्रम मंढान, प्रेम शर्मा, रोहित,पवन मंढान, सतविंद्र इत्यादि उपस्थित रहे।

### प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक डा. जय भगवान सिंगला को किया गया नोएडा में सम्मानित

**कुरुक्षेत्र.** कुरुक्षेत्र के प्रेरणा वृद्धाश्रम एवं प्रेरणा संस्था के संस्थापक तथा संचालक डा. जय भगवान सिंगला को एक बार फिर नोएडा में साहित्य के क्षेत्र में किए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेट बुक्स के कार्यक्रम में साहित्य सम्मान से डा जय भगवान सिंगला एवं उनके दो अन्य समाजसेवी साथियों को सम्मानित किया गया। उन्हें साहित्य के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि और निस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। नोएडा से आने के बाद डा. जय भगवान सिंगला ने बताया कि बीपीए फाउंडेशन एवं इंडिया नेटवर्क्स प्रकाशन के क्षेत्र में हमारे देश की दो बहुत बड़ी संस्थाएं हैं। जिनका पूरे देश में एक विशेष स्थान है। संस्थाओं ने नोएडा स्थित क्राउन प्लाजा पांच सितारा होटल में एक अति विशेष सम्मान समारोह का आयोजन सराहनीय सहयोग से किया गया। सिंगला ने बताया कि उनके साथ कुरुक्षेत्र से अरुण पाराशर एवं पगड़ी मैन के नाम से प्रसिद्ध हरकेश पपोसा को शाल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर देश की बहुत विख्यात हस्तियां मौजूद रही। इस मौके पर पूरे देश से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 51 लोगों को सम्मानित किया गया। कुरुक्षेत्र पहुंचने पर इस सम्मान के लिए डा. सिंगला को बहुत से लोगों ने बधाई दी। इंडिया नेट बुक्स के संस्थापक अध्यक्ष डा. संजीव कुमार ने बताया कि हमारी संस्था केवल उन्ही हस्तियों को सम्मानित करती है जिन्होंने समाज सेवा के लिए या साहित्य के क्षेत्र में कोई विशेष उपलब्धि हासिल की हों।

### ध्यान योग से हुई एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत

**रादौर.** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज की ओर से गांव घेसपुर में चल रहा एनएसएस शिविर के छठे दिन कार्यक्रम की शुरुआत सुश्री प्रो. पिंकी द्वारा सभी स्वयंसेवकों को 5 मिनट का ध्यान योग करवाकर की गई। ध्यान योग से स्वयंसेवकों में एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात प्रो. नवीन भारद्वाज, एनएसएस अधिकारी ने एनएसएस के चार प्रमुख स्तंभ अनुशासन, आदर्श वाक्य, एनएसएस कैलप, गीत के माध्यम से स्वयंसेवकों में अनुशासन व सेवा भावना को प्रोत्साहित किया। वहीं प्रात- कालीन सत्र में सुश्री महक सैनी, हरियाणा इंस्टीट्यूट आफ रूरल डेवलपमेंट, नीलोखेड़ी से उपस्थित रही। उन्होंने स्वयंसेवकों को पढ़ाई के साथ-साथ साइट हसल अपनाने, कौशल विकास, भविष्य की योजना बनाने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कृषि विभाग से आए सुरेंद्र जांगड़ा, कृषि अधिकारी ने स्वयंसेवकों को विभिन्न कृषि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों से किसानों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकरण करवाने के लिए जागरूक करने का आहवान किया तथा एनएफबी, एमपी, एमवी सहित अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी भी सांझा की। पुलिस विभाग से आए आनंद गिल, एसएचओ रादौर ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया। हेलमेट पहनने व यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।

# जनता की आवाज पर राज्यसभा चुनाव से दूर रही इनेलोः अभय चौटाला

**विधानसभा चुनाव में सारी टिकट भूपेंद्र हुड्डा ने बांटी है, अगर क्रॉस वोटिंग होती है तो उसके लिए वही जिम्मेदार होंगे**

**आज विधायकों की हॉर्स ट्रेडिंग हो रही है जो लोकतंत्र के खिलाफ है, हॉर्स ट्रेडिंग में खरीदने वाले और बिकने वाले दोनों ही पक्ष दोषी होते हैं।**




पंचकूला ऑब्जर्वर

**चंडीगढ़.** इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्यसभा चुनाव में वोट देने के मुद्दे पर कहा कि जनता की आवाज भगवान की आवाज है और जनता ने मुझे कांग्रेस और बीजेपी से दूरी बनाने को कहा है। ऐसे में पार्टी के दोनों विधायक मतदान से अनुपस्थित रहेंगे। कांग्रेस से हमारी दूरी पहले से ही है। वही बीजेपी ने पिछले ग्यारह सालों में जातिवाद, सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया है। बीजेपी के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा और विधायक रामकुमार गौतम की भाषा इनेलो विरोधी रही है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी हमारे बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। हम बीजेपी को वोट किसी कीमत पर नहीं देंगे। इस दौरान इनेलो के दोनों विधायक अदित्य देवीलाल और विधायक अर्जुन चौटाला भी उनके साथ मौजूद रहे।

चुनाव से पूर्व भूपेंद्र सिंह हुड्डा 37 विधायकों के समर्थन का दावा करते थे। लेकिन ऐसा नहीं होता लग रहा। कांग्रेस में भी कुछ विरोधी है। मतदान के दौरान भूपेंद्र हुड्डा परेशान दिखाई दे रहे थे। कांग्रेस अपने 37 विधायकों को संभाले। विधानसभा चुनाव में सारी टिकट भूपेंद्र हुड्डा ने बांटी है। क्रॉस वोटिंग के लिए वही जिम्मेदार होंगे। कांग्रेस में 100 करोड़ रुपए देकर राज्यसभा सांसद बनते हैं। बीजेपी बताए उसने कितने खर्च किया। मीडिया के अनुसार बीजेपी द्वारा कांग्रेस विधायकों को 20-20 करोड़ रुपए में खरीदा जा रहा है। कांग्रेस को विधायकों की खरीद फरोख्त पर अपना स्पष्टीकरण देना चाहिए।

आज विधायकों की हॉर्स ट्रेडिंग हो रही है। जो लोकतंत्र के खिलाफ है। जिस पार्टी के विधायक बिकते है, तो उस पार्टी पर भी सवालिया निशान लगता है। हॉर्स ट्रेडिंग में खरीदने वाले और बिकने वाले दोनों ही पक्ष दोषी होते हैं। इसका कारण ये है कि टिकट देते समय सही प्रत्याशी को नहीं चुना गया।

अभय सिंह चौटाला ने कहा कि क्रॉस वोटिंग रोकने के लिए भी कानून बनाना चाहिए। क्रॉस वोटिंग करने वालों पर भी 6 साल चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगना चाहिए। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल के वोट मांगने पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि नांदल का कॉल आया था। मेरे वोट डालने या नहीं डालने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हमने प्रदेश के सभी विधानसभाओं में 1 पर्यवेक्षक भेजा था। उनके फीडबैक मिलने के बाद हमने मतदान से गैरहाजिर रहने का फैसला किया है। हरियाणा में 3 पार्टी प्रदेश का नाश कर रही हैं। कुल मिलाकर बीजेपी सांपनाथ है, कांग्रेस नागनाथ है और तीसरा बिच्छू नाथ है। तीन में से एक पार्टी को तो जनता ने साइडलाइन कर दिया है।

### सनातन परम्परा अनुसार ही मंगल कार्य करने चाहिएः राजेश कौशिक



**कुरुक्षेत्र.** भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में सनातन परम्पराओं का विशेष महत्व है। सनातन परम्पराओं से विज्ञान भी जुड़ा है। इसी लिए सनातन परम्परा अनुसार ही मंगल कार्य करने चाहिएं। श्री राधा रमण बिहारी मंदिर विवेकानंद कालोनी के पुजारी प. राजेश कौशिक ने बताया कि सूर्य देव का मीन राशि में गोचर हो चुका है। जो 14 अप्रैल तक चलेगा। इस समय अवधि में सभी प्रकार के मांगलिक कार्य जैसे विवाह, सगाई, दुकान इत्यादि के शुभ मुहूर्त बंद रहेंगे। जब सूर्य मीन राशि में गोचर करते हैं ऐसे समय में वर को सूर्य देव का बल प्राप्त नहीं होता है। यह वैज्ञानिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। इसलिए इस समयावधि में मंगल कार्य करना शुभ नहीं माना जाता है। 14 अप्रैल से मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाएंगे।

## एसडीएम ने किया चैत्र चौदस मेले का शुभारंभ

### 19 मार्च तक देश विदेश के श्रद्धालु पहुंचेंगे तीर्थ नगरी पिहोवा में

पंचकूला ऑब्जर्वर



**पिहोवा.** मेला प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि पिहोवा चैत्र चौदस मेले में देश के कोने कोने से श्रद्धालु पहुंचते है और यह मेला हिन्दू सिख एकता का प्रतीक भी माना जाता है। इस मेले में पंजाब राज्य से सबसे ज्यादा श्रद्धालु पहुंचते है। इस मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए है।एसडीएम अनिल कुमार दून सोमवार को पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर प्रशासन द्वारा बाल भवन में बनाएं गए चैत्र चौदस मेले के सूचना केन्द्र का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले एसडीएम अनिल कुमार दून, डीएसपी निर्मल सिंह, नगरपालिका सचिव अशोक कुमार ने मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत रूप से सूचना केन्द्र का शुभारंभ किया और इसके साथ ही चार दिवसीय चैत्र चौदस मेले का भी आगाज हुआ। उन्होंने कहा कि विश्व विख्यात चैत्र चौदस मेले का धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से बहुत महत्व है। कुरुक्षेत्र की परीधि में पडने वाले तीर्थों में सर्वाधिक महत्व पृथुदक तीर्थ का माना गया है। वामन पुराण के अनुसार वेन के पुत्र पृथु के नाम से इस तीर्थ का नाम पृथुदक हुआ। राजा वेन धर्म से विमुख हो गया था, जिस कारण ऋषियों ने उसे श्राप देकर मार दिया था। फिर उसके शरीर का मंथन किया गया, जिससे भगवान विष्णु के नौवें अंश पृथु पैदा हुए। राजा पृथु ने जिस स्थान पर अपने पितरों को उदक यानी जल दिया, वह स्थान पृथु-उदक यानी पृथुदक नाम से प्रसिद्ध हुआ। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस तीर्थ में स्नान का अति महत्व माना गया है। यहां स्नान करने से सारे पाप नष्ट हो जाते है तथा व्यक्ति को अश्वमेध यज्ञ की फल की प्राप्ति के साथ-साथ स्वर्गलोक भी प्राप्त हो जाता है।एसडीएम ने कहा कि चैत्र-चौदस मेला में विभिन्न राज्यों के कोने-कोने से लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेले में आते है। सीसीटीवी कैमरों द्वारा हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। इसके अतिरिक्त भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।उन्होंने कहा कि पुराणों के अनुसार पांडवों के बड़े भाई युधिष्ठिर ने महाभारत के युद्ध में मारे गए अपने सगे संबंधियों का यहीं पर पिंड दान करवाया था। भगवान श्रीकृष्ण और शिव ने भी यहां सरस्वती तीर्थ में स्नान किया। श्री गुरु नानक देव जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी भी यहां पधारे थे। महाराजा रणजीत सिंह इसी पावन तीर्थ पर अपनी माता का पिंडदान करवाने आए थे। इस पावन तीर्थ पर पूरा वर्ष श्रद्धालु पिंडदान व स्नान करने के लिए आते रहते हैं, लेकिन चैत्र चौदस को यहां स्नान करने का विशेष महत्व है।

## पानीपत में नागपुर की तर्ज पर बनेगा आरएसएस का बड़ा केंद्र




**करनाल.** हरियाणा में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा संपन्न हो गई। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ उत्तर भारत के लिए हरियाणा के पानीपत के पट्टीकल्याणा स्थित माधव दृष्टि साधना केंद्र को नागपुर मुख्यालय की तर्ज पर बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रहा है। करीब 25 एकड़ में फैले इस केंद्र को रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि दिल्ली से इसकी बेहतर कनेक्टिविटी है।होसबाले ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष (2025-26) के दौरान संगठन विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अगले दो वर्षों में संघ का मुख्य फोकस केरल, तमिलनाडु, पंजाब और पश्चिम बंगाल में कार्य विस्तार पर रहेगा। पंजाब में पलायन रोकने के लिए प्रभुबंदन कार्यक्रम चलाया जाएगा और राष्ट्रीय सिख संगत को भी सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ के दरवाजे हर मजहब के लोगों के लिए खुले हैं।

मुस्लिम कार्यकर्ता भी पहले से संघ से जुड़े हुए हैं, जबकि महिलाओं की भागीदारी संघ की अन्य कार्य प्रणालियों में है। होसबाले ने कहा कि संघ समाज में गोवंश संरक्षण और जैविक खेती को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने लोगों से गाय के गोबर और गोमूत्र का उपयोग कर घरों की छतों पर ऑर्गेनिक खेती करने और हर घर को हरित बनाने का संदेश दिया।

## सबूतों के अभाव में रिश्वत के आरोपी एसएचओ सहित दो बरी

**कैथल.** बहुचर्चित रिश्वत मामले में अतिरिक्त सैशन जज नंदिता कौशिक ने सबूतों केअभाव में चीका थाना के तत्कालीन एसएचओ इंस्पेक्टर जयवीर शर्मा और उनके एक सहयोगी को बरी कर दिया है।

इस बारे में चांद राम ने विजिलैंस अंबाला में 2 फरवरी 2022 को भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज करवाया था। इंस्पेक्टर जयवीर के केस की पैरवी जनक राज ने और अनिल की पैरवी सचिन जैन एडवोकेट ने की। विजिलेंस द्वारा पेश किए गए चालान में आरोप था कि इंस्पेक्टर जयवीर ने रिश्वत के तौर पर लिए गए 5 हजार रुपये अपने सहयोगी को दे दिए थे, जो पैसे लेकर वहां से भाग गया और बाद में दूसरे आरोपी अनिल निवासी चीका ने भाखड़ा नहर के पास जाकर उन्हें जला दिया। सुनवाई के दौरान विजिलेंस उस स्थान का नक्शा भी अदालत में पेश नहीं कर पाई और न ही जलाए गए नोटों की राख या कोई अन्य सबूत बरामद कर सकी। इसके अलावा विजिलेंस ने अदालत में चीका थाना में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पेश करने का दावा किया था, लेकिन वह फुटेज भी अदालत में नहीं चल पाई। वहीं शिकायतकर्ता चांद राम द्वारा लगाया गया आरोप था कि एसएचओ जयवीर ने उसके खिलाफ थाने में आई शिकायत के निपटारे के बदले रिश्वत मांगी थी, लेकिन जांच के दौरान विजिलेंस को वह शिकायत ही थाने के रिकॉर्ड में नहीं मली। रिश्वत मांगने की रिकॉर्डिंग भी जांच एजेंसी बरामद नहीं कर सकी। 2 फरवरी 2022 को हरियाणा स्टेट विजिलेंस ब्यूरो ने चीका थाना के तत्कालीन एसएचओ जयवीर शर्मा के खिलाफ रेड की थी। आरोप था कि उन्होंने चीका के पूर्व पार्षद प्रतिनिधि चांद राम से उसके खिलाफ आई शिकायत के निपटारे के बदले दस हजार रुपए की मांग की थी और 5,000 रुपये ले लिए थे। शिकायत मिलने के बाद विजिलेंस टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट और शैडो गवाह की मौजूदगी में छापा मारकर जयवीर शर्मा को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। हालांकि कार्रवाई के दौरान जयवीर के हाथों पर केमिकल का रंग तो पाया गया, लेकिन उसके पास से रिश्वत की राशि बरामद नहीं हो सकी थी। इसके बावजूद विजिलेंस ने जयवीर को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन जांच में कोई ठोस सबूत हाथ नहीं लग पाया।

## समाजसेवी संदीप सैनी को बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नियुक्त

**रादौर.** राष्ट्रीय बजरंग सेना हरियाणा की ओर से समाजसेवी संदीप सैनी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के फैसले का स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया है। राष्ट्रीय बजरंग सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल शर्मा ने सर्वसम्मति से संदीप सैनी को नियुक्ति पत्र सौंपकर पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि संगठन की ओर से उनको जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, वह उसको पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभायेंगे। वह अधिक से अधिक लोगों को संगठन के साथ जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने अपनी नियुक्त के लिए संगठन के पदाधिकारियों का हार्दिक आभार प्रकट किया।

## शिविर में नायब तहसीलदार ने सुनी जनसमस्याएं, विभागों को दिए समाधान के निर्देश

**नारायणगढ़.** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन जसवीन्द्र सिंह बख्शुआ तथा सहायक अधीक्षक अश्वनी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

नायब तहसीलदार सुनील कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को एक ही स्थान पर सुनकर उनका त्वरित समाधान करना है। उन्होंने निर्देश दिये कि लोगों की शिकायतों/समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा शीघ्र व पारदर्शी तरीके से निपटारा किया जाए ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। समाधान शिविर में क्षेत्र के लोगों ने पेंशन, बिजली बिल, परिवार पहचान पत्र, बीपीएल राशन कार्ड सहित अन्य समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नारायणगढ़ के वार्ड 5 की रीटा रानी, गांव पंजलासा के धर्मपाल, गांव दूधली की दर्शनी तथा बड़ागांव की उषा रानी ने वृद्धावस्था पेंशन लगवाने का अनुरोध किया। गांव पुलेवाला के विनोद कुमार ने बिजली बिल अधिक आने की समस्या रखी। गांव सुरगल के इबकाल सिंह ने परिवार पहचान पत्र में गलत बिजली कनेक्शन दर्ज होने व आय ठीक करवाने की मांग की। गांव बीबीपुर के अमन कुमार ने शिकायत करते हुए बताया कि गांव का पानी उसकी गेहूं की फसल में आने से फसल खराब हो गई है, जिस पर उसने समस्या के समाधान की मांग की। नारायणगढ़ के वार्ड 6 की दया रानी तथा शिव कॉलोनी के बलजीत सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने की शिकायत दी।

## ईरान-इजराइल युद्ध के बीच घबराने की जरूरत नहीं, नरवाना में एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य : एसडीएम

**नरवाना.** एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा है कि उपमंडल में एलपीजी गैस आपूर्ति पूर्णतया निर्बाध है। गैस की सप्लाई चैन तथा वितरण प्रणाली में कोई दिक्कत नहीं है। गैस भंडारण मांग के अनुरूप पर्याप्त है और इस पूरे मामले पर प्रशासन की लगातार निगरानी भी जारी है। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि वर्तमान में ईरान तथा इजराइल का युद्ध चल रहा है ,उसी के मध्य नजर आमजन गैस कमी या आपूर्ति के प्रति आशंकित है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि एलपीजी गैस उपलब्धता के बारे में उपभोक्ताओं, आमजन, होटल मालिकों तथा अन्य वाणिज्यिक संस्थान मालिकों को बिल्कुल चिंता करने की जरूरत नहीं है। उपमंडल में गैस आपूर्ति एवं वितरण पहले की तरह सुचारू रहेगा। एसडीएम ने बताया कि गैस एजेंसीयों द्वारा किसी भी प्रकार की जमाखोरी अथवा कालाबाजारी ना हो इस पर भी प्रशासन की निरंतर कड़ी नजर है साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं का भी आह्वान किया कि वे किसी भी भ्रामक प्रचार का शिकार ना हो, घबराहट ना दिखाएं और अतिरिक्त भंडारण की भी कोशिश ना करें बल्कि जरूरत के अनुसार ही गैस सिलेंडर भरवाएं। एसडीएम जगदीश चंद्र सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जन समस्याओं की सुनवाई के दौरान बोल रहे थे। समाधान शिविर में शहरी सीवरेज व्यवस्था, धनौरी ड्रेन पाइपलाइन संबंधी रेलवे एनओसी, कई जगह मकान के ऊपर से जा रहे बिजली के तार व ढीले तारों को दुरुस्त करने बारे जैसी कई शिकायतें प्राप्त हुई।

**405 घोषणाओं में से 261 पूरी, 97 पर कार्य जारी, बोली- समय पर काम करें अधिकारी**

## सीएम घोषणाओं को लेकर डीसी सख्त, बोली- काम में लापरवाही होगी बर्दाश्त

पंचकूला ऑब्जर्वर



**कैथल.** डीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को सभी विभाग गंभीरता से लें और जिन परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, उन्हें निर्धारित समयावधि में पूरा करवाया जाए। ज्यादा समय से लंबित घोषणाओं को पूरा करने में तकनीकी या विभागीय बाधाओं को दूर करवाते हुए, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाएं, ताकि लोगों को इन प्रोजेक्टस का लाभ मिल सके।

सभी विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य करें और विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न होने दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। डीसी ने मुख्य रूप से सिटी स्क्वायर, क्योडक् में बन रहे पशु विश्वविद्यालय के रीजनल केंद्र, धनौरी के महिला कॉलेज, संस्कृत विश्वविद्यालय, कबड्डी अकादमी पाई सहित कई परियोजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की और आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने गांव धेरड़ू में पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुके फार्मेसी कॉलेज के मामले में आगामी पत्राचार के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपनी-अपनी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर संबंधित पोर्टल पर अपडेट करें और लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। बैठक में बताया गया कि जिले में मुख्यमंत्री की अब तक कुल 405 घोषणाएं हुई हैं, जिनमें से 261 कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि 97 परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। वहीं 26 घोषणाओं को गैर-व्यवहार्य घोषित किया गया है तथा 21 परियोजनाएं अभी लंबित हैं। धनौरी गांव में लंगर हॉल के निर्माण के लिए टेंडर की तकनीकी प्रक्रिया जल्द पूरी हो जाएगी। वहीं फतेहपुर और पूंडरी में सीसीटीवी कैमरे लगाने की परियोजना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति लंबित होने पर उच्च अधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीडीपीओ रितु लाठर, डीएसपी राजरानी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत का कारण है कालाबाजारी

**टोहाना.** शहर में एक नहीं दो दो गैस एजेंसी सुचारू रूप से कार्यकृत हैं इसके अतिरिक्त एक गैस एजेंसी जमालपुर स्टेशन पर गांव के गैस सिलेंडरों की आपूर्ति के लिए भी खुली हुई है गैस एजेंसी में पता करने पर यह पता लगा है की एजेंसी में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है जिस दिन से ईरान इराक का युद्ध चला हुआ है उसे दिन से ज्यादा उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडरों की बुकिंग पहले से 5 गुना तक बढ़ा दी है ?सदर घरों में गैस की जैसे की तैसी है गैस के रेट बढ़ना भी इसका सबसे बड़ा कारण है। वर्षों से शहर में गैस का इस्तेमाल छोटे दुकानदार व मिष्ठान भंडार रेस्टोरेंट वाले धड़ल्ले से करते आ रहे हैं कभी भी खाद्य पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने उन्हें न तो घरेलू गैस सिलेंडर छोड़ कमर्शियल गैस सिलेंडर बरतने के लिए वाद्यय किया है।

# 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' में काशिका कपूर के दमदार अभिनय ने जीते दिल


## कशिका कपूर के भावनात्मक अभिनय से चमकी 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' की कहानी

## 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास', कशिका कपूर ने छोड़ी गहरी छाप



सपनों की राह आसान नहीं होती, खासकर तब जब सामाजिक बंधन और परिस्थितियाँ हर कदम पर चुनौती बनकर सामने खड़ी हों। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी को बड़े पर्दे पर जीवंत किया फिल्म %आयुष्मती गीता मैट्रिक पास% ने, जो अब जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने जा रही है। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी एक साधारण लड़की के असाधारण हौसले की यह कहानी दर्शकों को न सिर्फ भावनात्मक रूप से जोड़ती है, बल्कि शिक्षा के महत्व और महिलाओं के सशक्तिकरण का सशक्त संदेश भी देती है। फिल्म में गीता के किरदार को अभिनेत्री कशिका कपूर ने बेहद संवेदनशीलता और प्रभावशाली अंदाज़ में निभाया है। उनके सशक्त अभिनय ने दर्शकों के दिलों को छू लिया है और यही वजह है कि थिएटर में सराहना बटोरने के बाद अब यह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी नई दर्शक-लहर को प्रेरित करने के लिए तैयार है। फिल्म 'आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' एक ऐसी लड़की की कहानी है जो सामाजिक दबावों, पारिवारिक अपेक्षाओं और ग्रामीण समाज की सीमाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने का सपना देखती है। गीता का यह संघर्ष केवल व्यक्तिगत सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि उन लाखों लड़कियों की आवाज़ भी है जो शिक्षा के ज़रिए अपने जीवन की दिशा बदलना चाहती हैं। इस कहानी में दिखाया गया साहस और जज़्बा भारत सरकार की पहल बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की भावना को भी मजबूती से दर्शाता है, जो बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संदेश देता है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत काशिका कपूर का प्रभावशाली प्रदर्शन है। उन्होंने गीता के किरदार में मासूमियत, संघर्ष और आत्मविश्वास को इतने स्वाभाविक ढंग से प्रस्तुत किया है कि दर्शक खुद को कहानी से जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। सोशल मीडिया पर भी दर्शकों ने उनके अभिनय की जमकर तारीफ की है। कई लोगों ने इसे फिल्म का सबसे यादगार पहलू बताया है, जिसने कहानी के भावनात्मक प्रभाव को और गहरा बना दिया। फिल्म केवल एक मनोरंजक कहानी नहीं है, बल्कि यह शिक्षा की ताकत और सामाजिक सोच में बदलाव की जरूरत को भी उजागर करती है। यह दर्शकों को याद दिलाती है कि पढ़ाई सिर्फ ज्ञान का साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सम्मान की राह भी खोलती है। अब डिजिटल दर्शकों के लिए तैयार अब जब आयुष्मती गीता मैट्रिक पास' जल्द ही जिओ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने जा रही है, तो उम्मीद है कि देशभर के दर्शक इस प्रेरणादायक कहानी को अपने घरों में बैठकर देख सकेंगे। जो लोग इसे सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, उनके लिए यह ओटीटी रिलीज़ एक शानदार मौका लेकर आ रही है। फिल्म के डिजिटल प्रीमियर के साथ यह कहानी एक बार फिर लोगों को यह एहसास दिलाने के लिए तैयार है कि अगर हौसले बुलंद हों, तो शिक्षा हर मुश्किल को पार करने की

# अक्षय कुमार ने बताई स्टार की असली जिंदगी



बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार आज भले ही करोड़ों दिलों पर राज करते हों, लेकिन वह शोहरत की अस्थायी सच्चाई को भली-भांति समझते हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान अक्षय ने स्टारडम, पैपराज़ी और उस दिन के डर पर खुलकर बात की जब शायद कैमरे और आर्क लाइट्स उनके आसपास न हों। चांदनी चौक की साधारण गलियों से निकलकर फिल्म इंडस्ट्री के शीर्ष सितारों में शामिल हुए अक्षय कुमार का मानना है कि यह मौका हर किसी को नहीं मिलता, इसलिए वह इसे पूरी शिद्दत से जीना चाहते हैं। लगातार मीडिया की नज़र और पैपराज़ी की मौजूदगी को लेकर पूछे गए सवाल पर अक्षय कुमार ने बड़ी सहजता से कहा कि यह उनकी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है। उन्होंने कहा कि कई बार उनकी नींद रात के साढ़े चार बजे खुलती है और जब वह बाहर निकलते हैं तो माहौल ऐसा लगता है मानो सुबह के नौ बज चुके हों। उनके मुताबिक स्टार की जिंदगी में निजी और सार्वजनिक समय के बीच की दूरी लगभग खत्म हो जाती है। कैमरों की चमक और लोगों का ध्यान जितना आकर्षक लगता है, उतना ही यह एक अलग तरह का दबाव भी लेकर आता है। सेलेब्रिटी स्टेटस के अस्थायी होने पर बात करते हुए अक्षय कुमार ने एक बेहद ईमानदार स्वीकारोक्ति की। उन्होंने कहा कि एक दिन ऐसा भी आ सकता है जब कैमरे नहीं होंगे और आर्क लाइट्स भी नहीं जलेंगी। लेकिन इस सोच से डरने के बजाय वह अपने काम पर ध्यान देना पसंद करते हैं। उनका कहना है कि वह जितने समय तक संभव हो सके, अभिनय करते रहना चाहते हैं। एक्शन, कॉमेडी, ट्रैजेडी और इमोशनल—हर तरह की फिल्मों में काम करना उन्हें पसंद है और वह खुद को किसी एक दायरे में सीमित नहीं रखना चाहते। दिल्ली के चांदनी चौक में बिताए अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए अक्षय कुमार ने कहा कि वह अपने करियर को एक ऐसे अवसर की तरह देखते हैं जिसे वह खोना नहीं चाहते। उनके शब्दों में, मुझे यह मौका मिला है, कुछ लोगों को यह कभी नहीं मिलता। लोग मुझसे प्यार करते हैं, मेरी फिल्में देखते हैं, तो मैं इसे क्यों छोड़ूं? अक्षय कुमार के लिए फिल्में सिर्फ करियर नहीं बल्कि जुनून हैं। शायद यही वजह है कि वह लगातार अलग-अलग विषयों और किरदारों के साथ प्रयोग करते रहते हैं। स्टारडम की चमक-दमक के बीच भी उनका यह नजरिया बताता है कि सफलता का असली मतलब सिर्फ लोकप्रियता नहीं, बल्कि उस मौके की कद्र करना है जो जिंदगी ने दिया है।

# एक साथ नजर आए गोविंदा और निरहुआ, फैंस बोले, एक फ्रेम में दो सुपरस्टार



भोजपुरी के कलाकार अब बॉलीवुड में भी अपनी मजबूत पकड़ बना रहे हैं। इंडस्ट्री के कई स्टार ने हिंदी फिल्मों में हुनर और आवाज का जलवा बिखरा है, जिनमें पवन सिंह, मनोज तिवारी, शारदा सिन्हा, कल्पना पटवारी और मालिनी अवस्थी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। इन सितारों ने बॉलीवुड फिल्मों में अपनी गायकी से भोजपुरी संगीत का दायरा राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया है। पवन सिंह ने स्त्री 2 फिल्म में आई नहीं गाने से काफी सराहना और लोकप्रियता हासिल की। भोजपुरी और बॉलीवुड के रिश्ते आए दिन मजबूत होते दिख रहे हैं। इसी बीच, भोजपुरी इंडस्ट्री के सबसे बड़े कलाकारों में से एक, दिनेश लाल यादव निरहुआ ने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गोविंदा के साथ सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें निरहुआ और गोविंदा मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। निरहुआ ने कैप्शन में लिखा, आदरणीय बड़े भैया, हम सबके सबसे चहेते सुपरस्टार गोविंदा जी का आशीर्वाद और सानिध्य प्राप्त हुआ, हर हर महादेव। अभिनेता के इस पोस्ट को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। पोस्ट पर कुछ ही देर में हजारों व्यूज और लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, फैंस लगातार कमेंट्स के माध्यम से अपने पसंदीदा कलाकारों के प्रति प्यार लुटा रहे हैं। कमेंट में एक यूजर ने लिखा, दो सुपरस्टार एक फ्रेम में, तो दूसरा यूजर गोविंदा के हीरो नंबर 1 मूवी को याद करके नाम कमेंट करता है। इसी प्रकार फैंस तस्वीर पर लाइक्स और कमेंट्स के माध्यम से लगातार अपना प्यार लुटा रहे हैं। दिनेश लाल यादव प्रमुख भोजपुरी गायक, अभिनेता, और राजनेता हैं। निरहुआ ने भोजपुरी के कई फिल्मों और म्यूजिक वीडियो में काम किया है। स्क्रीन पर अभिनेता की जोड़ी मुख्य रूप से अभिनेत्री आम्रपाली दुबे के साथ हिट मानी जाती है। वो 2019 में भाजपा में शामिल हुए थे और आजमगढ़ लोकसभा के सांसद रह चुके हैं। वहीं, गोविंदा हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे प्रमुख और लोकप्रिय कलाकारों में से एक हैं, जो 90 के दशक में अपनी कॉमेडी और लाजवाब डांस मूव्स के लिए जाने जाते हैं।

# कलाकारों के सपनों को पंख देगा एकता कपूर का 'हुनर'



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में टैलेंट की कोई कमी नहीं होती, लेकिन सही मंच और सही मार्गदर्शन हर किसी को नहीं मिल पाता। इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से एकता कपूर ने एक नई पहल की शुरुआत की है। उनके नेतृत्व वाली बालाजी टेलीफिल्म्स ने 'हुनर' नाम से एक नई टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी लॉन्च करने की घोषणा की है, जो कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने और परफॉर्मेंस के कल्चर को मजबूत करने के लिए समर्पित होगी। 'हुनर' का उद्देश्य सिर्फ टैलेंट को रिप्रेजेंट करना नहीं, बल्कि उसे सही दिशा देना और लंबे समय तक उसके विकास में साथ निभाना है। यह प्लेटफॉर्म बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के जाने-माने एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक साथ लाकर उन्हें नए अवसरों से जोड़ने का काम करेगा। बालाजी टेलीफिल्म्स ने वर्षों से इंडस्ट्री को कई यादगार कहानियाँ और नए चेहरे दिए हैं। उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए 'हुनर' कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर प्रतिनिधित्व और ऐसा माहौल देने की कोशिश करेगा, जहाँ उनकी रचनात्मकता को खुलकर अभिव्यक्ति मिल सके। नए वेंचर के बारे में बात करते हुए एकता कपूर ने कहा कि बालाजी में हमेशा से यह विश्वास रहा है कि टैलेंट तभी निखरता है जब उसे सही माहौल और प्रोत्साहन मिले। उनके अनुसार 'हुनर' के जरिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है, जहाँ कलाकारों को सिर्फ काम नहीं बल्कि सही समझ और मार्गदर्शन भी मिलेगा। यह पहल कलाकारों की खूबियों के अनुसार अवसर तलाशने, उन्हें एक्सपेरिमेंट करने की आज़ादी देने और उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने में मदद करने के लिए बनाई गई है। इस नए अध्याय की शुरुआत को खास बनाने के लिए मुंबई के प्रतिष्ठित फेयरमोंट मुंबई में एक एक्सक्लूसिव 'हुनर लॉन्च पार्टी' का आयोजन किया जाएगा।



# शहनाज गिल का नया पार्टी सॉन्ग रिलीज, बीट सुनते ही झूमने लगेंगे लोग

संगीत की दुनिया में ऐसे गाने अक्सर दर्शकों के बीच खास जगह बना लेते हैं, जिनमें मस्ती और एनर्जी का अनोखा मेल होता है। खासकर जब कोई लोकप्रिय चेहरा किसी नए अंदाज में सामने आता है तो फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ जाती है। इन दिनों सोशल मीडिया और म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर एक ऐसा ही गाना चर्चा में है, जिसमें स्टाइल, ग्लैमर और पार्टी वाला माहौल देखने को मिल रहा है। अभिनेत्री शहनाज गिल अपने नए गाने बंजे दारू के साथ दर्शकों के बीच आई हैं, जिसने रिलीज होते ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। बंजे दारू गाने को हम्बल म्यूजिक नामक यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर रिलीज किया गया है। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर कलाकार गिप्पी ग्रेवाल ने इसे प्रस्तुत किया है। इस गाने को खुद शहनाज गिल ने गाया है, जबकि इसका संगीत ब्लैक वायरस ने तैयार किया है। वहीं इसके बोल कप्तान ने लिखे हैं। गाने की धुन आसान और आकर्षक है, जिसे सुनते ही लोग झूमने लगते हैं। यही वजह है कि यह गाना लोगों के पसंदीदा ट्रैक्स में शामिल हो गया है। गाने के म्यूजिक वीडियो में शहनाज गिल का अंदाज काफी ग्लैमरस और स्टाइलिश नजर आता है। वीडियो में वह आकर्षक लुक में दिखाई देती हैं।

इस गाने को लेकर शहनाज गिल ने अपनी खुशी जाहिर की और कहा, मैं चाहती थी कि यह गाना ऐसा हो जिसे सुनने के लिए किसी खास मौके की जरूरत न पड़े। कई बार लोगों को सिर्फ अच्छा संगीत, अच्छी ऊर्जा और थोड़ी सी मस्ती ही काफी होती है। यह गाना उसी भावना को दर्शाता है, जिसमें लोग बिना किसी कारण के भी खुश हो सकते हैं, नाच सकते हैं और जिंदगी के पलों का आनंद ले सकते हैं। यह ट्रैक आत्मविश्वास और आजादी के उस एहसास को दिखाता है, जब इंसान बिना यादा सोचे बस पल को जीना चाहता है।

शहनाज ने बताया कि इस गाने पर काम करना उनके लिए बेहद मजेदार अनुभव रहा। उन्होंने कहा, गिप्पी ग्रेवाल और पूरी टीम के साथ काम करते समय माहौल बहुत हल्का-फुल्का और ऊर्जा से भरा हुआ था। गाने की शूटिंग के दौरान मुझे काफी मजा आया और मैं चाहती हूं कि जब लोग इस गाने को सुनें तो उन्हें भी वही खुशी और उत्साह महसूस हो।

# व्हाइट गाउन पहन ऑस्कर पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा, जेवियर बार्डेम संग प्रेजेंट किया बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म अवॉर्ड

98वें अकादमी पुरस्कार समारोह में देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा का जलवा देखने को मिला। उनकी किसी फिल्म ने अवॉर्ड नहीं जीता, लेकिन वे पहली भारतीय अभिनेत्री हैं जिन्हें ऑस्कर जैसे ग्लोबल अवॉर्ड फंक्शन में अवॉर्ड प्रेजेंट करने का मौका मिला। अभिनेत्री ने अभिनेता जेवियर बार्डेम के साथ मिलकर बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म का अवॉर्ड सेंटिमेंटल वैल्यू को दिया। जोआकिम ट्रायर के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक पिता और उसकी दो बेटियों के बीच के जटिल और तनावपूर्ण संबंधों को दर्शाती है। फिल्म की कहानी उन अनसुलझे पारिवारिक विवादों और कलात्मक विरासत के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनसे यह परिवार जूझ रहा है। नॉर्वे की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म एक ऐसे प्रतिष्ठित फिल्मकार की यात्रा है, जो अपने नई फिल्म प्रोजेक्ट पर काम करने के साथ-साथ अपने परिवार के साथ बिगड़े रिश्तों को सुधारने का प्रयास करता है।

अवॉर्ड शो में ही प्रियंका स्टेज पर पहुंची, और वैसी ही जेवियर बार्डेम ने माइक पर गरजते हुए कहा, फिलिस्तीन को आज़ाद करो। ऑस्कर के लिए अभिनेत्री ने खास तौर पर एक व्हाइट ऑफ-शोल्डर गाउन में नजर आईं, जिसे डिजाइनर डायोर ने डिजाइन किया। गाउन को क्लासिक हॉलीवुड शैली और आधुनिक बारीकियों के साथ तैयार किया गया। गाउन का स्लिट शेप एक्ट्रेस की खूबसूरती पर चार चांद लगा रहा था। गाउन के बड़े घेर और लंबाई ने प्रियंका को शाही लुक दिया। गाउन के निचले हिस्से पर, काले और सफेद रंग के ट्यूल की डिटेलिंग ने किसी ब्राइडल गाउन जैसी थी। एक्ट्रेस ने गाउन के साथ डायमंड का लाइटवेट नेकलेस कैरी किया। प्रियंका का ओवरऑल लुक शानदार रहा, जबकि निक जोनस ब्लैक एंड व्हाइट थ्री पीस में नज़र आए कपल ने रेड कार्पेट पर अपनी ट्वविनिंग के साथ सबसे यादा सुर्खियां बटोरीं। बता दें कि लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड स्थित डॉल्बी थिएटर में 98वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ। इस साल ऑस्कर समारोह की मेजबानी लेट-नाइट होस्ट कॉनन ओब्रायन ने की।



# हरी सब्जियों के शौकीन लोग पहले जान लें खाने का सही तरीका

हमारे बुजुर्ग हमेशा हरी सब्जियां खाने की सलाह देते हैं। हरी सब्जियों का सेवन हर उम्र के लिए लाभकारी है, क्योंकि उनके सेवन से पाचन में सुधार, मजबूत प्रतिरक्षा, और हृदय स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है, हालांकि इनके सेवन का तरीका बहुत कम लोगों को पता होता है। आज के समय में सैंडविच से नूडल तक में कच्ची सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है जो पाचन को प्रभावित करती हैं। आयुर्वेद के अनुसार हरी सब्जी खाने का भी एक सही तरीका होता है, तभी शरीर को पूरा फायदा मिलता है। हरी पत्तेदार सब्जियां पोषण से भरपूर होती हैं, लेकिन आयुर्वेद के अनुसार इन्हें कम मात्रा में और सही तरीके से पकाकर खाना चाहिए, क्योंकि कई हरी सब्जियां वात दोष बढ़ा सकती हैं और पचने में भारी होती हैं। इसके लिए आयुर्वेद में कुछ बेहतर तरीके बताए गए हैं, जिससे हरी सब्जियों की पौष्टिकता बनाए रखते हुए पाचन प्रक्रिया में सरलता लाई जा सकती है।

हरी सब्जियों को कच्चा खाने से बचें, खासकर पालक, शिमला मिर्च और गोभी (पत्तागोभी)। इन सब्जियों में परजीवी टेपवर्म पाया जाता है, जो पेट से लेकर मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाते हैं। इसके साथ ही कच्ची हरी सब्जियों में वात की अधिकता होती है। पकने के बाद सब्जियों में वात की अधिकता कम हो जाती है। इसलिए हरी सब्जियों को उबालें, फिर उनका अतिरिक्त पानी निचोड़ें और अंत में घी या तेल में हल्का भूनकर पकाएं। ध्यान रखने वाली यह भी बात है कि बुजुर्गों और बच्चों को हरी सब्जियों का सेवन कम करने दें। ऐसा इसलिए क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ शरीर में वात की अधिकता बढ़ती है और पाचन मंद पड़ जाता है। बच्चों का पाचन भी बड़ों की तुलना में कमजोर होता है। ऐसे में बुजुर्गों और बच्चों दोनों को सही मात्रा और सही तरीके से सब्जियों का सेवन करने दें। हरी सब्जियों की तुलना में बुजुर्गों और बच्चों को तोरई, टिंडा, लौकी, परवल और कुंदरू अधिक मात्रा में दें। यह हरी सब्जियों जितनी ही पौष्टिक होती है। अगर बच्चे इन सब्जियों को कम पसंद करते हैं तो उन्हें आटे में मिलाकर पराठा या मीठे के रूप में भी दिया जा सकता है।



प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com